Title: Need to protect the interest of oil seed growers particularly in Rajasthan..

श्री जसवंत सिंह विश्नोई (जोधपुर): सभापति महोदया, केन्द्र सरकार द्वारा तेल का आयात करने से देश में किसान काफी प्रभावित हुए हैं। किसानों को सरसों व रायड़ा के उचित दाम नहीं मिल रहे हैं। एक तरफ डीजल, खाद व बिजली महंगी हो गई है। वहीं दूसरी ओर सरसों व रायड़ा के भाव गिरने से राजस्थान के किसान और खास तौर से जोधपुर के किसान अपने बिजली के बिल भरने की स्थिति में नहीं हैं।

मैं केन्द्र सरकार से मांग करता हूं कि वह किसानों की तरफ ध्यान दें तथा किसानों को उचित मूल्य दिलाये।